प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **आईआरसीटीसी घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय, रांची और पूरी से जुड़ा है मामला।**

- **घाटशिला उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू, 21 अक्टूबर तक अंतिम तिथि, सभी मतदान केंद्रों पर बहाल की जा रही हैं विशेष सुविधाएं।**

- **झारखंड हाईकोर्ट से दो वर्षीय बी.एड कोर्स करने वाले सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों को नहीं मिली राहत, सिंगल बेंच के दस्तावेज सत्यापन के आदेश पर लगायी अंतरिम रोक।**

- **डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश।**

- **छतीसगढ़ के रायपुर में खेली जा रही बीसीसीआई सीनियर विमेंस टी–20 ट्राफी में झारखंड ने चंडीगढ़ को 13 रनों से हराया, प्रियंका लुथरा बनी प्लेयर ऑफ द मैच।**

****

दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आज आइआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ भी धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप तय किए। यह मामला रांची और पुरी स्थित दो आइआरसीटीसी होटलों के टेंडर आवंटन में भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

****

इधर, झामुमो ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एनडीए पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

****

इस बीच प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने इसे भाजपा की सुनियोजित साजिश बताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी पराजय को देखकर भाजपा हताश है।

****

निर्वाचन आयोग ने घाटशिला उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गयी है। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर निर्धारित है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने दो वर्षीय बी.एड कोर्स करने वाले सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों को राहत देने से इनकार कर दिया है। इससे पहले सिंगल बेंच ने सहायक अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया में दो वर्षीय बीएड धारकों के दस्तावेजों का सत्यापन करने का निर्देश दिया था।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आज उच्चस्तरीय बैठक की। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस बैठक में सभी जोन के आईजी, सभी रेंज डीआईजी और जिलों के एसपी मौजूद रहे। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

****

धनबाद शहर के इंडस्ट्री एंड कमर्स हाउस में आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विशिष्ट संपर्क संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

****

खादी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज खादी ग्राम उद्योग संघ धनबाद द्वारा खादी यात्रा निकाली गयी। यात्रा में धनबाद विधायक राज सिन्हा समेत भारी संख्या में स्कूली छात्र –छात्राओं ने भाग लिया और स्वदेशी अपनाओ– देश बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाना बेहद जरुरी है।

****

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की शुरुआत ने खूंटी जिले के किसानों को उत्साह से भर दिया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारी संवाददाता–

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश को लाभान्वित कर रहा है। इसी कडी में आज प्रस्तुत है जीएसटी सुधारों से सशक्त होते पंजाब के विभिन्न उद्योगों पर एक रिपोर्ट...

****

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आज रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के कर्मचारी, उनके परिजन और विभिन्न संगठनों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 1 सौ उनसठ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

****

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन, सीपीआर के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सीपीआर जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया। सीपीआर जागरूकता सप्ताह आज से 17 अक्तूबर तक चलेगा।

****

बीसीसीआई सीनियर विमेंस टी–20 ट्राफी में आज झारखंड ने चंडीगढ़ को 13 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। प्रियंका लुथरा ने 58 रन की दमदार पारी खेली। वहीं अश्वनी कुमारी ने 35 और दुर्गा मुर्मू ने 27 रन बनाये। चंडीगढ़ की टीम 8 विकेट पर 1 सौ उनचालीस रन ही बना पाई। इस मैच में प्रियंका लुथरा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

*******समाप्त*********